13.03.2025 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 07.10pm

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- लाड़ली बहनों को रेडीमेड गारमेंट सेक्टर में काम करने पर प्रति माह मिलेगा 5000 रुपए इंसेंटिव ।
- विश्व ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट - वेव्स 2025 पर नई दिल्ली में हुआ कार्यक्रम ।
- शब्द ने पूरा किया एक साल, निशुल्क उपयोग 2026 तक रहेगा जारी ।
- प्रदेश में कई स्थानों पर हुआ बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक होलिका दहन, कल जमकर उड़ेगा रंग-गुलाल।

विधानसभा

विधानसभा ने चौथे दिन राज्यपाल के अभिभाषण के कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव पर चर्चा जारी रही। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादन ने अपने उत्तर में विपक्ष को आड़े हाथ लिया और सदन में कई एलान भी किए। उन्होंने कहा कि गांधीजी की विश्व दृष्टि, अंबेडकर की सोच और प्रधानमंत्री मोदी का विकास अभिभाषण में देखने को मिला है। मुख्यमंत्री ने सदन में एलान किया कि लाड़ली बहनों को रेडीमेड गारमेंट सेक्टर में काम करने पर 5000 रुपए प्रति महीना इंसेंटिव मिलेगा। एक लाख पदों पर भर्ती की जा रही है। । मुख्यमंत्री का जवाब खत्म होने के बाद स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा- राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा में सदस्यों ने साढ़े 11 घंटे से अधिक समय तक अपने विचार रखे। इसके बाद राज्यपाल के अभिभाषण पर कृतज्ञता प्रस्ताव पारित किया गया। सदन में आज ही बजट चर्चा भी शुरू हुई। चर्चा की शुरूआत भाजपा विधायक गोपाल भार्गव ने की। इसके बाद स्पीकर ने सदन की कार्रवाई सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

वेव्स-दिल्ली कार्यक्रम

विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर तथा सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव विश्व ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट - वेव्स 2025 से पहले नई दिल्ली में आज एक कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन तथा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र

फडणवीस भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य वैश्विक समुदाय तक पहुंच बनाना है। कार्यक्रम में सौ से अधिक राजदूत और उच्चायुक्त भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर श्री वैष्णव ने कहा कि दुनिया के तेजी से बदलने के साथ ही दृश्य, श्रव्य और मनोरंजन का स्वरूप भी बदल रहा है।

<u>पीबी-शब्द एक वर्ष पूरा</u>

प्रसार भारती-प्रसारण और प्रसार के लिए साझा दृश्य-श्रव्य-पीबी शब्द सेवाओं ने इस महीने एक वर्ष पूरा कर लिया है। इस सेवा को एक वर्ष के लिए और बढ़ा दिया गया है। प्रसार भारती ने कहा है कि शब्द का निशुल्क उपयोग मार्च 2026 तक जारी रहेगा। इससे मीडिया संगठनों, विशेष रूप से छोटे संगठनों को बहुत लाभ होगा। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने कहा है कि शब्द के पास एक हजार पांच सौ से अधिक रिपोर्टर, संवाददाता और स्ट्रिंगर्स का मजबूत नेटवर्क है।

<u>प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना</u>

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना में आवेदन की अंतिम तिथि 12 मार्च से बढ़ाकर 31 मार्च कर दी गई है। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना का उद्देश्य भारत की शीर्ष 500 कंपनियों में देश के युवाओं को इंटर्नशिप करने का अवसर प्रदान करना है। विदिशा में शासकीय आईटीआई प्राचार्य एपी श्रीवास्तव ने बताया कि पीएम इंटर्नशिप योजना में 21 से 24 वर्ष के बीच आयु के युवा जो पूर्णकालिक रोजगार एवं शिक्षा मे नहीं है, एवं जिन अभ्यर्थियों ने हाई स्कूल, हायर सेकन्डेरी स्कूल, आईटीआई, पॉलिटेक्निक संस्थान से डिप्लोमा या स्नातक किया है वे अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं।

<u>होली प्रदेश-1</u>

रंगों के त्योहार होली को लेकर प्रदेश में जोश और उत्साह का माहौल है। आज कई स्थानों पर बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक होलिका दहन हो रहा है और लोग कल रंगोत्सव मनाने की तैयारियों में जुटे हैं. पिचकारी रंग हर्बल गुलाल की दुकानों पर लोगों की भीड़ देखी जा रही है. वहीँ शहरों में होटल और रेस्टोरेंट में भी होली का जश्न मनाने के लिए खास मेन्यू तैयार किया जा गया है। भोपाल में 1500 से अधिक स्थानों पर होलिका दहन हो रहा है जबकि कल पुराने

शहर में चल समारोह निकलेगा। मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने रंग उत्सव पर शुभकामनाएं दी हैं.

खण्डवा में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेक्टर ने कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की तैनाती की है। वहीँ ग्रामीण इलाकों में पटवारियों व पंचायत सचिवों को विशेष पुलिस अधिकारी बनाया गया है।

झाबुआ में कलेक्टर नेहा मीना ने जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र प्रांगण में स्थित सीडब्ल्यूएसएन होस्टल के मूक-बधिर बच्चों के संग होली का पर्व मनाया।

रतलाम में रंग पर्व के साथ कल जुम्मे की नमाज भी अदा की जाएगी। शहर क़ाज़ी ने अपील की है कि यदि गलती से किसी पर रंग डल जाए तो बुरा ना माने बल्कि मुस्कुरा कर आगे बढ़े।

<u>होली प्रदेश-2</u>

गुना में धुलेंडी, भाई दूज और रंगपंचमी तक उत्सव की धूम रहेगी। देवास शहर में ही 400 से अधिक स्थानों पर होलीका सजाई गई है ।

मुरैना में आज शाम से ही अगले 24 घंटे तक यह पुलिस बल अपने -अपने क्षेत्रों में सर्तकता के साथ होली खेलने वालों पर नजर बनाये हुए है ।

शिवपुरी में आज 100 से अधिक स्थानों पर होली का दहन हो रहा है।

वहीँ, मंदसौर पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद ने सौहार्दपूर्वक त्यौहार मनाने की अपील की है.

<u>आगर मालवा होली</u>

आगरमालवा जिले में होली का त्यौहार अनूठे तरीके से मनाया जाता है. इसके लिये क्षैत्र में हलवाईयों की दुकानों पर शक्कर से बने गहनों को ग्रामीणों द्वारा खरीदा जा रहा है तथा अपनी परम्पराओं के तहत इन गहनों को पहनकर शाम को होलिका की पूजा अर्चना की जा रही है। वही महिलाओं द्वारा भी होली के डांडे की पूजा की जा रही है।

## विशेष ओलंपिक

विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेल के दूसरे दिन भारत ने दो स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य सहित कुल पांच पदक अपने नाम किये। स्नोबोर्डिंग में भारती ने नोविस स्लैलम फाइनल में स्वर्ण पदक जीता। अल्पाइन स्कीइंग में निर्मला देवी ने स्वर्ण पदक । भारतीय टीम ने अब तक कुल नौ पदक जीते हैं।

## समाचार संक्षेप में

- खंडवा में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, श्री नीलकंठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खंडवा में जिला स्तरीय युवा संसद का आयोजन 21 एवं 22 मार्च को किया जाएगा।
- बैतूल जिला चिकित्सालय में विश्व किडनी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ.जगदीश घोरे ने बताया कि यह दिवस मनाने का उद्देश्य समग्र स्वास्थ्य के लिये किडनी के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।
- झाबुआ में भगोरिया पर्व में नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत पिटोल व थांदला भगोरिया में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- सीहोर जिले में शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक व्यवस्था में अतिथि शिक्षकों की सेवाएं 30 अप्रैल तक बढ़ा दी गयी हैं।
- विदिशा में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह द्वारा आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर नीति आयोग से प्राप्त पांच करोड़ की अवार्ड राशि के संबंध में समीक्षा बैठक की ।
- गुना में विश्व खसरा दिवस' के संबंध में कलेक्टर किशोर कुमार ने अपील की है कि 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को सभी टीके अवश्य लगवाएं।
- उज्जैन रेंज के डीआईजी नवनीत भसीन ने आज शाजापुर का दौरा कर कानून व्यवस्था और शांति बनाए रखने की तैयारियों की समीक्षा की।
- अशोनगर जिले में जानकी मंदिर करीला धाम में रंगपंचमी पर लगने वाले वार्षिक मेले के दौरान कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।
- पश्चिम रेलवे मेंस टीम ने उदयपुर में आयोजित 17वीं ऑल इंडिया इंटर रेलवे हैंडबॉल चैंपियनशिप में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक पर कब्जा जमाया।

-----------------------